# अधिकारियों की छुट्टी से जनता परेशान, कामकाज ठप्प

## नगर परिषद शाढ़ौरा का है मामला, पार्षद ने अधिकारियों की छुट्‌टी पर उठाए सवाल




**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों के लगातार छुट्टी पर रहने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को पार्षद रवि मोहन विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएमओ और इंजीनियर से मिलने आवेदन देने पहुंचे, लेकिन कार्यालय में कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। वहीं अधिकारियों की अनुपस्थिति पर पार्षद रवि मोहने ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि जब अधिकारी ही दफ्तर में उपस्थित नहीं होंगे, तो जनता अपनी समस्याएं किससे कहे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद में अधिकारी लंबे समय से नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण लोगों को आवश्यक सेवाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद में अफसरों का नदारद रहना अब आम बात हो गई है, जिससे कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्माण संबंधी अनुमतियाँ और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कई-कई दिन चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

साथ ही बीते कुछ समय से नगर परिषद में बाबू (कर्मचारी) भी नहीं है, जिसके चलते कई जरूरी फाइलों और प्रक्रियाओं के कार्य पूरी तरह रुके हुए हैं। इस स्थिति ने आमजन की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर परिषद में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसुविधाओं का सुचारू संचालन हो सके और लोगों को समय पर आवश्यक सेवाएँ मिल सकें।

# अजब प्रेम की गजब कहानी...

**किशोरी ने युवक को बुलाया भागने तो वह पहुंचा थाने**

**युवक ने देखी युवती की उम्र दिया असल प्रेम का परिचय**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में एक अजीबो गरीब प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। दरअसल किशोरी युवक से प्रेम करने के कारण उसके साथ भागन चाहती थी, जिसके चलते वह अपने घर से भाग भी आई, लेकिन युवती की उम्र कम होने के कारण युवक ने भागने से मना कर दिया और किशोरी की सुरक्षा के लिए वह थाने पहुंचा और पूरी बात बताई। जिसके बाद नाबालिग को पुलिस ने दस्तयाब करते हुए परिवार के सुपुर्द कर दिया।

दरअसल फरियादी द्वारा थाना कचनार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात लगभग 10 बजे परिवार सहित भोजन करके सोने के बाद सुबह 5 बजे जब नींद खुली तो उसकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर से थाना कचनार में अपराध क्रमांक 257/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल कार्यवाही करने आवश्यक निर्देश दिए। जिसके बाद थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर खोजबीन प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पता चला कि नाबालिग बालिका गांव के ही युवक तुलसी पारदी से फोन पर संपर्क कर रही थी तथा उसे अपने पास बुला रही थी। युवक द्वारा नाबालिग की उम्र को देखते हुए जिम्मेदारी का परिचय देते हुए आने से इनकार किया गया तथा स्वयं तत्काल पुलिस चौकी पहुंचकर सूचना दी। युवक द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस टीम, बालिका के परिजनों व युवक के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां से नाबालिग बालिका को 4 घंटे में सकुशल दस्तयाब कर लिया गया तथा उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## एक नजर में



### एसआईआर की जागरुकता के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जारी है। इसी क्रम में चल रहे एसआईआर सर्वे कार्य में सहयोग हेतु विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 70 और 71 ग्राम रावसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में मतदाताओं की जानकारी का संकलन और जागरूकता हेतु आवश्यक जानकारी मतदाताओं को प्रदान की गई। इस अवसर पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी, सहायक रजिस्ट्री करण अधिकारी भारतेन्दु सिंह यादव सहित बीएलओं उपस्थित रहे।




### जिले में 47 प्रतिशत डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण

**अशोकनगर।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2025-26 के तहत मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की प्रगति 20 नवंबर 2025 की स्थिति में जारी की गई। जिले के तीनों अनुभाग अशोकनगर, चंदेरी और मुंगावली में अधिकांश कार्य निर्धारित समय सीमा में प्रभावी रूप से पूरे किए जा रहे हैं। अशोकनगर अनुभाग की रजिस्ट्रेशन अधिकारी एसडीओ शुभ्रता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 275 मतदान केंद्रों पर कार्य जारी है। यहां महिला मतदाता 1,07,909, पुरुष मतदाता 1,15,490 और कुल मतदाता 2,23,410 दर्ज किए गए हैं। मैपिंग का प्रतिशत 61.43 प्रतिशत, ESÙ फार्म वितरण 99.99 प्रतिशत तथा डिजिटाईजेशन 46.24 की स्थिति में है। चंदेरी अनुभाग में रजिस्ट्रेशन अधिकारी मनीष धनगर की देखरेख में 241 मतदान केंद्रों पर कार्य प्रगति पर है। यहां महिला मतदाता 97,261, पुरुष मतदाता 1,04,970 और कुल 2,02,236 मतदाता हैं। स्थ्कृत मैपिंग 68.17त्ल, ESÙ फार्म वितरण 99.99 प्रतिशत और डिजिटाईजेशन 47.46 तक पहुंच चुका है। मुंगावली अनुभाग में रजिस्ट्रेशन अधिकारी इसरार खान के नेतृत्व में 272 मतदान केंद्रों पर कार्य जारी है। यहां महिला मतदाता 1,05,118, पुरुष मतदाता 1,14,709 तथा कुल मतदाता 2,19,832 दर्ज किए गए। मैपिंग 68.08, ESÙ फार्म वितरण 99.99 और डिजिटाईजेशन 48.09 पूर्णता पर है। जिले में कुल मिलाकर तीनों अनुभागों में महिला मतदाता 3,10,288, पुरुष मतदाता 3,35,169 और कुल 6,45,478 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में ESÙ फार्म का डिजिटाईजेशन कार्य भी जारी है और ESÙ मैपिंग भी संतोषजनक स्थिति में पहुंच चुका है। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए टीमों को निर्देशित किया गया है।




### लायंस हेल्पिंग हैंड ने सेवा सप्ताह समापन के साथ मनाया बाल दिवस

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड्स द्वारा सेवा सप्ताह समापन समारोह के साथ ही बाल दिवस मनाया। इस दौरान सेवा सप्ताह सेवांकुर के सम्पन्न पर क्लब अध्यक्षा द्वारा सभी सदस्यों को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सेवा सप्ताह में प्रांत द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रम क्लब द्वारा किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास पठार पर क्लब सदस्यों द्वारा बच्चियों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चियों ने सरस्वती वंदना गई, नृत्य की प्रस्तुति दी, गीत गए साथ ही क्लब सदस्यों के साथ बहुत अच्छा समय व्यतीत किया। सदस्यों द्वारा पेन, बिस्किट, नैपकिन और टॉफियां बच्चों में बंटी गई।

# साबरमती व कांकरिया लेक की तर्ज पर होगा थीम रोड

## शहर के प्रतिनिधि मंडल ने किया साबरमती का भ्रमण, देखा शहर में कैसे करना है कार्य




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहरी विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल ही में उन्होंने एक वर्चुअल बैठक आयोजित की, जिसके तहत अशोकनगर के एक प्रतिनिधि मंडल को गुजरात के साबरमती भेजा गया था। श्री सिंधिया की पहल पर, इस प्रतिनिधि मंडल में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी और नगर पालिका में उपयंत्री भानु कुशवाह शामिल थे।

**साबरमती की तर्ज पर बनेगी थीम रोड:**

प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात पहुंचकर साबरमती रिवरफ्रंट का गहन दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि जिस प्रकार साबरमती का विकास हुआ है, उसी तर्ज पर अशोकनगर में भी एक बेहतर थीम रोड का निर्माण कैसे किया जा सकता है। यह प्रस्तावित थीम रोड दुबे हॉस्पिटल चौराहा से चुंगी नाका नगर तक बनाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने साबरमती के विकास कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया, ताकि वहां से सीख लेकर अशोकनगर की थीम रोड को भी अत्याधुनिक और आकर्षक बनाया जा सके।

**कांकरिया लेक की प्रेरणा से पछाड़ी खेड़ा लेक का होगा कायाकल्प:**

वहीं प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात के प्रसिद्ध कांकरिया लेक का भी दौरा किया। इसी की तर्ज पर आगामी समय में अशोकनगर के पछाड़ी खेड़ा लेक को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया की मंशा है कि पछाड़ी खेड़ा लेक का सौंदर्यीकरण कर उसे एक प्रमुख मनोरंजक स्थल बनाया जाए। योजना के तहत, लेक के चारों ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा और बच्चों के खेलने के लिए झूले सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**अटल ब्रिज का भी किया गया अवलोकन:**

शहर से गए प्रतिनिधि मंडल ने अपने दौरे के दौरान अहमदाबाद के प्रतिष्ठित अटल ब्रिज का भी अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया का स्पष्ट उद्देश्य है कि अशोकनगर में विकास के नए आयाम स्थापित हों और शहर और भी सुंदर एवं सुविधासंपन्न बने। प्रतिनिधि मंडल के दौरे से प्राप्त अनुभव और इन प्रमुख स्थलों की तर्ज पर होने वाले विकास कार्यों से यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही अशोकनगर के नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# रिलायंस पेट्रोल पंप के मामले में प्रशासन को मिली सफलता

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के चर्चित रिलायंस पेट्रोल पंप अतिक्रमण मामले में प्रशासन को एक बार फिर सफलता मिली है। पिछले दिनों प्रशासन द्वारा धनुष धारी मंदिर की औकाफ माफी की जमीन पर से अतिक्रमण हटाते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप सहित आसपास की अतिक्रमण की जमीन में हुए निर्माण को सील कर दिया था। तथा संपत्ति पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया गया था। जिसके विरुद्ध स्थगन आदेश लेने पेट्रोल पंप संचालक न्यायालय गए थे जहां निचली अदालत द्वारा प्रशासन के पक्ष में निर्णय देते हुए प्रशासन की कार्रवाई पर स्थगन नहीं दिया था। तत्पश्चात अपीलार्थी पुरुषोत्तम पुत्र हरिराम अग्रवाल, विनोद पुत्र हरिराम अग्रवाल, अंकित पुत्र विनोद अग्रवाल, संकेत पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल द्वारा अपील प्रस्तुत की गई। जिसकी सुनवाई द्वितीय जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार अशोकनगर की अदालत में की गई। जहां न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी, सहायक लोक अभियोजक आशुतोष लोधी के द्वारा की गई, प्रकरण में प्रशासन के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए अपीलार्थी की अपील निरस्त कर दी। जिससे एक बार फिर उक्त चर्चित मामले में प्रशासन को सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा पिछले दिनों धनुषधारी मंदिर की सर्वे नंबर 669 की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। जिसमें जहां रिलायंस पेट्रोल पंप स्थापित है उसका कुछ हिस्सा आ रहा था। इसके अलावा आसपास की अन्य इमारतें भी अतिक्रमण कर निर्माण की गई थी। जहां से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी।

# नोटिस मिलने के बाद 30 वर्षों से निवासरत मजदूर परिवारों को बेघर होने का डर

**सरपंच के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट**

**कहा मजूदर हैं इसलिए की जाए व्यवस्था**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ग्राम पंचायत आंवरी माफी की सरपंच गंगा विजय बैरागी ने गुरूवार दोपहर के समय ग्रामीणों के साथ जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम आवरी के पलकटोरी क्षेत्र में निवासरत मज़दूर परिवारों को बेघर होने से बचाने की मांग की है। सरपंच ने बताया कि पावर हाउस के सामने ये परिवार करीब 30 वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन उद्योग विभाग द्वारा निर्माण कार्य शुरू होने के कारण उन्हें हाल ही में तहसीलदार कार्यालय से 16-17 परिवारों को नोटिस दिए गए हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन परिवारों—जिनमें लगभग 70 से 80 महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं के पास अपनी कोई निजी ज़मीन नहीं है।

यदि प्रशासन उन्हें हटाता है तो पूरा वर्ग बेघर हो जाएगा। प्रभावित लोग मुख्यत: रजक, चंदेल, अहिरवार एवं अन्य मजदूर समुदाय से आते हैं। सरपंच बैरागी ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इन परिवारों को पलकटोरी क्षेत्र में ही वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके सामने बेघर होने की स्थिति न आए और वे सुरक्षित तरीके से अपने जीवनयापन को जारी रख सकें। ज्ञापन में प्रशासन से इन पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

# गाड़ी ठोकने के मामले में सिविल सर्जन पर FIR

**मालिक की शिकायत पर देहात थाने में मामला दर्ज**

**सीसीटीव्ही फुटेज बने मामले के गवाह**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत के खिलाफ देहात थाना पुलिस ने एक सप्ताह बाद एफआईआर दर्ज की है। मामला 12 नवंबर की रात तुलसी सरोवर रोड का है, जहां सड़क किनारे खड़ी एक कार को उनकी बोलेरो जीप ने टक्कर मार दी थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण कायम किया है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 7:45 बजे सिविल सर्जन भूपेंद्र शेखावत अपनी बोलेरो (एमपी 67 टी 0614) को कथित रूप से लापरवाही से चलाते हुए तुलसी सरोवर रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी शुभम पुत्र अनिल जैन की वहां खड़ी सफेद रंग की कार से जीप रगड़ खा गई। टक्कर लगने से कार के हिस्से में क्षति पहुंची, जिससे वाहन मालिक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कार मालिक शुभम जैन ने घटना की शिकायत देहात थाना में दर्ज कराई थी। सीसीटीवी में घटना स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड होने के बाद पुलिस ने आवेदन और जांच के आधार पर सिविल सर्जन शेखावत के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की धारा में मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

**सिविल सर्जन ने तोड़ा वादा:**

सिविल सर्जन द्वारा खड़ी गाड़ी में टोकने पर हुई एफआईआर में लगभग एक सप्ताह का समय लग गया, क्योंकि सिविल सर्जन ने गाड़ी में टोकने के बाद सबंधित व्यक्ति से उसे सुधारवाने का आश्वासन दिया, लेकिन जब वह इस्टीमेट लेकर लौटा तो सिविल सर्जन अपने वादे से मुकर गये, इसके बाद गाड़ी मालिक ने थाने में शिकायत की और उसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

**कार्यक्रम** | **23 को रक्षा कवच का आयोजन, थूबोनजी में बोले मुनिश्री सुधासागर महाराज**

# जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिसको देखकर ऐसा भाव आयें कि इसकी शरण में जाकर सब कुछ समर्पित कर दूं वहां तुम्हारा हित होगा, जिसके मन में ये भाव आ जाएं कि मैं इनकी शरण में चला जाऊं जिसको देखकर ऐसा भाव आ जाएं वस उसकी शरण चले जाना किसका है किसके लिए है इन बातों से अलग हटकर अपने आप को समर्पित कर देना उक्त आशय के उद्गार दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए।

इसके पहले तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि 23नवम्वर की तारीफ इस अंचल के भक्तो को एक नई सौगात लेकर आई रही है इस दिन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के रूप में एक रक्षा कवच इस अंचल के ही नहीं देशभर से आ रहे भक्तो को देने जा रहे है। इस दिन प्रात: काल की वेला में दर्शनोदय के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में रजत मांडने पर असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान के कलशों की स्थापना होगी इस हेतु एक बार भक्त को एक सो गहरा श्री फल की राशि भेंट करना होगा इसके आजीवन विधान का सौभाग्य आपको प्राप्त होता रहेगा प्रति वर्ष क्षेत्र कमेटी आपको एक चांदी की मुद्रा एवं नंद्यावर्त देती रहेगी।

जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा

उन्होंने कहा कि जो तुम्हारी दृष्टि में मंगल हो वह तुम्हारे जीवन का मंगल करेगा अभी तुम्हारी दृष्टि में कोई मंगल था ही नहीं लेकिन जैसे ही तुम ने अपना भला करने वाले का ध्यान किया तुम्हारे लिए लगने लगा कि इस दुनिया में कोई तो हमारा है। तुम मेरी नकल मत करना तुम तो मेरी अकल से चलना मेरी अक्ल अपने जीवन को अच्छा वनने के लिए ले लेना सफलता मिल जायेगी। संसार में आपकी दृष्टि में सबसे श्रेष्ठ मंगल कौन से हैं फिर आगम से तौलना कर अपने गुरु से विचार-विमर्श करना जो मैंने उत्तम माना है वह आगम से गुरु जनो ने भी जिसे श्रेष्ठ माना है अव उसे आगे कर देना तुम्हारा मंगल ही मंगल होगा।

# निर्माण कार्य में लाएं गति : जैन

**धरती आबा के तहत आयोजित कार्यक्रम**

**जिपं सीईओ ने ली समीक्षा बैठक**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेंट सभाकक्ष में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों योजनाओं का क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड से वंचित व्यक्तियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनजातीय वर्ग के लोगों के लिए मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्रू सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने पीएम जनमन आवास का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बनाये जा रहे छात्रावास निर्माण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो का कार्य गुणवत्तो हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्ण कार्य होने पर संबंधित विभाग को हेण्ड ओवर किया जाए। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना के तहत पूर्ण आवासों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य किये जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, मिड डे मील योजना, पीएम श्रम योगी की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।